दैनिक नवज्योति

उदयपुर, शनिवार, 1 फरवरी 2020 8

उपभोक्ताओं के अधिकार पर सेमिनार आज

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर। उपभोक्ता अधिकार संगठन सिटी उदयपुर द्वारा आयोजित उपभोक्ताओं के अधिकार पर सेमीनार का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष राजश्री गांधी के नेतृत्व में शनिवार प्रातः 11 बजे ऐश्वर्या कॉलेज में होगी। संगठन के मनोज जैन ने बताया कि इसमें उपभोक्ताओं के अधिकार विषय पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राजश्री गांधी, मारुति सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद झंवर, संगठन के लीगल हेड हेमंत जोशी, दलपत जैन होंगे। मुख्य अतिथि ऐश्वर्या कॉलेज की डायरेक्टर सीमा सिंह एवं कॉलेज की संचालिका रीना होगी।

दैनिक भास्कर उदयपुर, रविवार 02 फरवरी, 2020

उपभोक्ता अधिकार संगठन ने बताए उपभोक्ता के अधिकार

उदयपुर | उपभोक्ता अधिकार संगठन का सेमिनार ऐश्वर्या कॉलेज में हुआ। मुख्य वक्ता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि कहा कि जब भी किसी होटल में सेवाओं का उपयोग करें तो बिल को सावधानीपूर्वक देखें। उसमें लगा सर्विस चार्ज देना आवश्यक नहीं है, उसका भुगतान न करें। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजश्री गांधी ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि संभागीय अध्यक्ष जिनेंद्र गुप्ता, दलपत जैन और विशिष्ट अतिथि रीना शर्मा, अक्षय शर्मा, राशि माथुर थे। संचालन प्रदीप रवानी ने किया।

दैनिक नवज्योति

6

उदयपुर, रविवार, 2 फरवरी 2020

उपभोक्ता अधिकार पर सेमिनार

ब्यूरो नवज्योति/ उदयपुर। उपभोक्ता अधिकार संगठन का सेमिनार ऐश्वर्या कॉलेज में हुआ। मुख्य वक्ता उपभोक्ता अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि उपभोक्ता जब भी किसी होटल में सेवाओं का उपयोग करता है, तो बिल को सावधानीपूर्वक देखे, उस बिल में सर्विस चार्ज लगा होता है। जो देना आवश्यक नहीं है। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप रवानी ने किया। आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष राजेश ओझा ने दिया। इस अवसर पर मनोज जैन, सिमरन गखरेजा, दीपक आचार्य शिरीष माथुर विजय जैन, गजेंद्र सुराणा एवं ऐश्वर्या कॉलेज स्टाफ आदि उपस्थित रहे।